Regarding voting facility to voters residing in other states

श्री गणेश सिंह **(सतना) :** सभापति महोदय, मैं आपका ध्यान एक बहुत महत्वपूर्ण विषय की ओर दिलाना चाहता हूं । अभी हाल ही में जो लोक सभा के चुनाव हुए, उसमें वोट प्रतिशत बहुत कम हुआ। जहां तक मुझे ध्यान में है कि बड़ी संख्या में युवा वर्ग जो 18 से 25 साल तक के मतदाता हैं, वे अपने गृह जिले से बाहर कोचिंग करने, बड़े महाविद्यालयों में पढ़ने या फिर निजी कंपनियों में नौकरी करने के लिए जाते हैं । घर से दूर होने के कारण वे वोट डालने नहीं आ पाते हैं । वोटिंग प्रतिशत कम होने का एक कारण यह भी है, क्योंकि चुनाव के समय वापस घर आने में उन्हें कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है, जैसे कि तत्काल टिकट न मिल पाना, पढ़ाई के कारण समय का अभाव, छुट्टी न मिल पाना तथा आवागमन में आर्थिक व्यय की क्षति इत्यादि ।

सभापति महोदय, आपके माध्यम से मेरा अनुरोध है कि जिस प्रकार केंद्रीय कर्मचारियों के लिए गृह जिले से बाहर अन्यत्र स्थानों से वोटिंग के लिए बैलेट पेपर की व्यवस्था की जाती है, उसी प्रकार यदि इन युवाओं के लिए उसी स्थान में बैलेट पेपर, ऑनलाइन वोटिंग अथवा अन्य उपयुक्त माध्यम से वोटिंग का अधिकार दिलाने की व्यवस्था की जाए, तो निश्चित रूप से वोट प्रतिशत बढ़ेगा और युवाओं में चुनाव के प्रति उत्साह भी बढ़ेगा । धन्यवाद ।